





# कड़ी सुरक्षा के बीच 13 केन्द्रों में होगी नीट यूजी की प्रवेश परीक्षा

## 5399 परीक्षार्थी होंगे शामिल, 50 प्रतिशत महिला पुलिसकर्मी केन्द्रों में होगी तैनात, अभिभावकों के लिए रहेगी व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 जून, रीवा जिले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट यूजी की प्रवेश परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जा रही है. परीक्षा के लिए रीवा में 13 केन्द्र बनाए गए हैं. सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये है. परीक्षा केन्द्रो के बाहर सुरक्षा का कड़ा पहरा होगा.**



केन्द्रो में टीआरएस कालेज, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक, एसके स्कूल, मॉडल हायर सेकण्डरी स्कूल, पीके सांदीपनि हायर सेकण्डरी स्कूल, मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक, पॉलिटेक्निक कालेज, मार्तण्ड विद्यालय क्रमांक दो तथा गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक एक शामिल हैं. शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय विधि महाविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक दो तथा गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक दो में भी परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं. प्रवेश परीक्षा में कुल 5399 विद्यार्थी शामिल होंगे. विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए सुबह 11.30 बजे से परीक्षा केन्द्र खुल जाएंगे. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि पुलिस अधीक्षक प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में एक पुलिस अधिकारी तथा कम से कम चार सुरक्षाकर्मी तैनात करें. सुरक्षाकर्मियों में 50 प्रतिशत महिला पुलिसकर्मी शामिल होंगी. प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में कम से कम एक एएसआई स्तर का पुलिस अधिकारी तैनात करें. परीक्षा के प्रश्नपत्र बैंक में सुरक्षित रखे गए हैं.

बैंक से प्रत्ये परीक्षा केन्द्र के लिए पृथक वाहन में प्रश्नपत्र भेजे जाएंगे. पुलिस अधीक्षक इन वाहनों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक पुलिस बल तैनात करें. कलेक्टर ने कहा है कि आयुक्त नगर निगम सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों के अभिभावकों के बैठने के लिए पण्डाल की व्यवस्था करें. इसमें पेयजल, ग्लूकोज तथा ओआरएस के पैकेट भी उपलब्ध कराएं. अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल सभी परीक्षा केन्द्रों में 20 और 21 जून को बिजली की निरंतर आपूर्ति चालू रखें. प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में बिजली की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी कराएं. अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्र में केन्द्राध्यक्ष के अलावा किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी. परीक्षा के दौरान जैमर भी सक्रिय रहेगा. परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों के मोबाइल तथा अन्य सामग्री रखने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करें. परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल पेन, प्रवेश पत्र, पासपोर्ट आकार की एक फोटो, आधार कार्ड की प्रति तथा पारदर्शी पानी की बोतल ले जा सकते हैं.

### सुरक्षा के लिये जैमर लगाए जाएंगे

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा 21 जून को रीवा जिले में 13 परीक्षा केन्द्रों में नीट यूजी की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है. परीक्षा केन्द्रों में आंतरिक निगरानी और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे तथा जैमर लगाए गए हैं. परीक्षा केन्द्रों में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तथा नोडल अधिकारी तैनात किए हैं. जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में नायब तहसीलदार महेन्द्र श्रीवास्तव, प्रभारी तहसीलदार त्योंथर राजेश तिवारी तथा नायब तहसीलदार वीरेन्द्र द्विवेदी को तैनात किया गया है.



# ठेकेदार ने जनपद अध्यक्ष पर लगाया जान से मारने का आरोप

## सड़क निर्माण के दौरान हुआ विवाद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 जून, जिले के मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत तिवनी गांव में सड़क निर्माण कार्य को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है.**

सड़क निर्माण में कथित गड़बड़ी की जांच के दौरान जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी और निर्माण कार्य करा रहे पक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हो गई. स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई और एक बड़ी घटना होते-होते बच गई. पूरी घटना के दौरान पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री एवं एसडीओ मौजूद थे जिन्होने मामले को शांत कराया. जानकारी के अनुसार तिवनी निवासी जगदम्बा तिवारी एवं उनके पुत्र, युवा कांग्रेस नेता प्रकाश तिवारी ने सड़क निर्माण कार्य का टेंडर लिया है और निर्माण कार्य कराया जा रहा था. इसी दौरान जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क निर्माण के प्रथम चरण में कथित अनियमितताओं की जांच कराने की बात कही. इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया. जगदम्बा तिवारी और प्रकाश तिवारी का आरोप है कि जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर टांगी और कुल्हाड़ी लेकर हमला करने का प्रयास किया.

उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने और जान से मारने की नीयत से यह कार्रवाई की गई. पूरे मामले की शिकायत मनगवां थाने में की गई है. वहीं, मामले को लेकर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि शिकायतकर्ताओं द्वारा घटना से संबंधित वीडियो भी प्रस्तुत किया गया है. वीडियो और अन्य तथ्यों का परीक्षण किया जा रहा है. जबकि जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी का कहना है कि जो भी आरोप लगाए गये है वह पूरी तरह से गलत और निराधार है.

## संक्षिप्त

### अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कल आएंगे

**रीवा,** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव 20 जून शनिवार को शाम 7 बजे रीवा सर्किट हाउस पहुचेंगे. रीवा में विभिन्न कार्यक्रमों शामिल होने के पश्चात 23 जून को 3 बजे सतना के लिए प्रस्थान करेंगे. भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्तियों से आग्रह किया है कि राज निवास पहुंचकर डॉ कैलाश जाटव जी का स्वागत करे.



### नीट परीक्षा के लिए बनाया गया कंट्रोल रूम

**रीवा,** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट यूजी की परीक्षा 21 जून को आयोजित की जा रही है. रीवा जिले में 13 परीक्षा केन्द्रों में यह प्रवेश परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित होगी. परीक्षा में आवश्यक व्यवस्थाओं के समन्वय के लिए कलेक्ट्रेट रीवा में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है. इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया है कि कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर राकेश चौरसिया को बनाया गया है. कंट्रोल रूम में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास जीवेन्द्र सिंह, सहायक वर्ग दो आशुतोष पाण्डेय तथा भृत्य राहुल त्रिपाठी को तैनात किया गया है. प्रभारी अधिकारी सहित कंट्रोल रूम में तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी 21 जून को सुबह 8 बजे से तैनात रहेंगे. कंट्रोल रूम का फोन नम्बर 07662-255143 है. कंट्रोल रूम प्रभारी का मोबाइल नम्बर 6265666659 है.

### प्रतिभावान छात्राओं को मिलता है योजना का लाभ

**रीवा,** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश की मूल निवासी छात्राओं को प्रथम श्रेणी में कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा पास करने पर प्रोत्साहन राशि दी जाती है. इस संबंध में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा महेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की शालाओं से कक्षा 12वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने पर छात्रा को गांव की बेटी योजना तथा शहरी क्षेत्र से 12वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने पर प्रतिभा किरण योजना का लाभ दिया जाता है. छात्रा द्वारा उच्च अध्ययन के लिए शिक्षण संस्थान में प्रवेश लेने पर 5000 रुपए तथा तकनीकी शिक्षण संस्थान चिकित्सा एवं आयुष पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर 7500 रुपए की रुपए की राशि प्रतिवर्ष दी जाती है. राशि का भुगतान कोषालय के माध्यम से छात्राओं के बैंक खाते में किया जाता है. इस योजना का क्रियान्वयन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है.

### बिछिया मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष बने तारिफ

**रीवा,** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 26 जून को मोहर्रम का पर्व पूरे अकीदतमन्दी के साथ परम्परागत तरीके से मनाया जाएगा. पर्व की तैयारियों को लेकर बिछिया स्थित मदरसा इस्लामिया में बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता अमीनुर्रशीद खान ने की. बैठक में मोहल्ले के ताजियादार रईश खान, मुबारक खान, कासिम खान, आबिद खान, मस्तान खान, अखाड़ा से आफताब खान अप्पू, गिरोह पार्टी से महफूज खान के प्रतिनिधि, जामा मस्जिद बिछिया के सदर इस्लाम अहमद गुड्डू सहित गणमान्य नागरिकों एवं बुद्धिजीवियों ने सहभागिता की, उपस्थित जनों की सर्वसम्मति एवं आम राय से तारिफ खान जानी को बिछिया मोहर्रम कमेटी का अध्यक्ष चुना गया.

### कार्यशाला आज

**रीवा,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्षों पूर्ण होने पर सेमरिया विधानसभा के बसामन मामा में प्राकृतिक खेती पर एक कार्यशाला का आयोजन 19 जून को 3:30 बजे किया गया है. कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ, आधुनिक तकनीकों एवं आत्मनिर्भर कृषि के प्रति जागरूक किया जायेगा. सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु आयोजित कार्यशाला में किसान बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करेंगे.



### ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांग के चेहरे में झलकी खुशी

**मऊगंज,** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने देवतालाब तहसील के जुड़मानिया रघुनाथगंज के निवासी दिव्यांग राकेश कुमार पटेल को जैसे ही ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई तो दिव्यांग के चेहरे में खुशी की लहर दौड़ गई. दिव्यांग ने कलेक्टर को अपनी शारीरिक स्थिति एवं आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से कलेक्टर को अवगत कराया. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा पात्रता के आधार पर हितग्राही को मौके पर ही ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई.

# जिला सहकारी बैंक किसानों को 300 करोड़ के ऋण का करेगा वितरण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 जून, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक रीवा अपने बैंकिंग कारोबार में तेजी से वृद्धि कर रहा है. बैंक को वर्ष 2025 में 6 करोड़ 39 लाख रुपए का लाभ हुआ था.**

बैंक को वर्ष 2026 में अब तक 71 करोड़ 80 लाख रुपए का लाभ हुआ है. इस संबंध में महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में किसानों को तीन सौ करोड़ रुपए के ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है. सहकारी बैंक की सभी शाखाएं कम्प्यूटराइज्ड हो गई हैं. बैंक में वर्तमान में सहकारी समिति में 88273 किसान सदस्य हैं. बैंक का व्यवसाय बढ़ाने के लिए किसानों की सदस्यता बढ़ाने का अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है. अब तक 25 हजार से अधिक किसानों को सदस्यता फार्म का वितरण किया जा चुका है. अब तक 4386 किसानों द्वारा सदस्यता फार्म तथा प्रवेश शुल्क एवं अंश पूंजी की 600 रुपए की राशि जमा कर दी गई है. इस वर्ष 25 हजार किसानों को सहकारी बैंक और सहकारी समितियों का सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है. महाप्रबंधक ने बताया कि 2025 में खरीफ फसल के लिए 135 करोड़ 8 लाख रुपए का अल्पकालीन फसल ऋण वितरित किया गया. जिसमें से 129 करोड़ 68 लाख रुपए की वसूली हो चुकी है. रबी फसल 2025-26 में 110 करोड़ 56 लाख रुपए का अल्पावधि फसल ऋण वितरित किया गया. इसमें से 88 करोड़ 65 लाख रुपए की वसूली 10 जून तक हो चुकी है.

# शहर में जर्जर और भयप्रद भवन स्वामियों को दी गई नोटिस

## 43 भवन जर्जर और 3 भयप्रद भवन मिले

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 जून, वर्षा के पूर्व शहर के जर्जर एवं भयप्रद भवनों का नगर निगम द्वारा निरीक्षण किया गया है और बेहद जर्जर और भयप्रद भवनों को लेकर भवन स्वामियों को नोटिस जारी किया गया है. 43 भवन जर्जर एवं तीन भवन अत्यंत भयप्रद स्थित में पाए गये है. बरसात शुरू होने के साथ ही नगर निगम को जर्जर भवनों की याद आई है. 15 जून से मानसून माना जाता है अभी तक नगर निगम सो रहा था.**

निरीक्षण में वार्ड क्रमांक 01, 02, 03, 04, 33, 34, 35, 36, 37 एवं 38 में अनेक भवन जर्जर अथवा कच्ची एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में पाए गए. वहीं वार्ड क्रमांक 36 स्थित पीडब्ल्यूडी भवन, पीएचई का पूर्व निर्मित भवन तथा वार्ड क्रमांक 37 स्थित बालक विद्यालय भवन का स्वरूप अत्यंत भयप्रद पाया गया. निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि उक्त जर्जर एवं भयप्रद भवन वर्तमान में मानव आवास अथवा उपयोग के लिए सुरक्षित नहीं हैं. तेज बारिश, आंधी अथवा तूफान की स्थिति में इन भवनों के गिरने से जन-धन हानि होने के साथ-साथ आवागमन भी प्रभावित हो सकता है. नगर निगम द्वारा जर्जर पाए गए 43 भवनों के स्वामियों को मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 309 के अंतर्गत नोटिस जारी किए जा रहे हैं. नोटिस के माध्यम से भवनों की आवश्यक मरम्मत, सुधार अथवा सुरक्षित रूप से हटाने के निर्देश दिए गए हैं. इसी प्रकार भयप्रद एवं अत्यधिक जोखिमपूर्ण स्थिति में पाए गए 03 भवनों के स्वामियों को अधिनियम की धारा 310 के तहत नोटिस जारी किए जा रहे हैं. संबंधित भवन स्वामियों को तत्काल स्वयं भवन हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं. यदि भवन को नही गिराया जाता तो नगर निगम कार्यवाही करेगा और उसका खर्च वसूल किया जाएगा.

# सिर पर मानसून और 12 दिन में समस्याओं को हल करने का दावा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 जून, बारिश का मौसम शुरू होते ही नगर निगम में बैठक का दौर शुरू हो चुका है रीवा में दूषित पानी, नालों की सफाई, सीवर में खोदी गई रोड और बारिश के जल भराव से 12 दिन के अंदर निजात मिलेगा.**



कछुए की चाल चल रहे सीवर प्रोजेक्ट में खोदी गई सड़क 12 दिन में बन जाएगी पानी की समस्या भी समाप्त हो जाएगी जल भराव नहीं होगा क्योंकि नालों की सफाई 12 दिन के अंदर हो जाएगी. यह बात आज पार्षदों के साथ नगर निगम कमिश्नर की बैठक के बाद निकाल कर सामने आई है. हालांकि बैठक में शामिल पार्षदों को भी यह बात हजम नहीं हो रही है बीजेपी के पार्षद खुद अपनी समस्याओं को लेकर माथा पीटते नजर आ रहे हैं. जब बैठक के संबंध में पार्षदों से चर्चा की गई तो चिंता की लकीर और जनता का विरोध उनके ललाट में साफ नजर आ रहा था. बरसात सर पर है अभी तक नगर निगम प्रशासन सो रहा था और अब सड़क, नाली और नालों की सुध आई है. झमाझम बारिश अगर रात में हो जाए तो सुबह तक शहर में बाढ़ आ जाएगी. हल्की सी बारिश में लोगो के घरो में पानी घुसने लगता है. 12 दिन में कैसे खस्ताहाल सड़के बन पाएगी और जलभराव से कैसे मुक्ति मिलेगी, पार्षद चिंतित है.

### रक्तदान शिविर का 21 को

**रीवा, 18 जून,** सामाजिक संस्था किरण सेवा संस्थान द्वारा 21 जून विश्व योग दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन किया जा रहा है. शिविर संस्थान के कार्यालय नेहरू नगर बस स्टैंड के सामने सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा. संस्थान के सचिव डॉ. अभय मिश्रा ने बताया कि शिविर का आयोजन जिला रेडक्रास समिति एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया जा रहा है. शिविर में 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं.

# इंडियन गैस एजेंसी के वाहनों में हुई पत्थरबाजी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 जून, शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भटलो में संचालित इंडियन गैस एजेंसी के वाहनों में एक युवक द्वारा जमकर पत्थर बाजी की गई.**

इस दौरान एजेंसी में खड़े लगभग चार वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है. घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है. बताया गया है कि पत्थर बाजी करने वाला युवक मानसिक रूप से कमजोर है जिसे नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कर दिया गया है.

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भटलो में इंडियन गैस का गोदाम है जहां गैस सिलेंडरों की लोडिंग अनलोडिंग का कार्य किया जाता है. बताया गया है कि बुधवार की दोपहर राहुल सिंह नामक युवक पहुंचा और अचानक वहां खड़े पिकअप वाहनों में पत्थर बाजी करने लगा. इस दौरान एजेंसी में खड़े चार वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया वही कर्मचारियों में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया. कर्मचारियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना की जांच शुरू कर दी गई है. बताया गया है कि जिस युवक द्वारा पत्थरबाजी की गई है वह मानसिक रूप से कमजोर है जिसे नशा मुक्ति केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है.

# टीईटी परीक्षा के विरोध में सैकड़ों शिक्षक उतरे सड़क पर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 जून, शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के विरुद्ध शिक्षकों का आक्रोश खुलकर सामने आया.**




कलेक्टर कार्यालय रीवा के समक्ष म.प्र.शिक्षक संघ जिला इकाई रीवा के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री म.प्र.को पांच सूत्रीय ज्ञापन पत्र सौपा. म.प्र.शिक्षक संघ के वैनर तले हजारो शिक्षक शा.उ.मा.वि.मार्तण्ड क्र.3 के प्रांगण से रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे. ज्ञापन मे म.प्र.शिक्षक संघ जिला इकाई रीवा ने मांग किया है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए, ऐसे शिक्षकों की सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं अन्य सेवा लाभों का पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाए, आवश्यकता होने पर संसद में उपयुक्त विधायी संशोधन अथवा विशेष प्रावधान लाकर इस वर्ग को स्थायी राहत प्रदान की जाए, सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर शिक्षकों में व्याप्त असमंजस एवं असुरक्षा की स्थिति का तत्काल निराकरण किया जाए. रैली में डॉ. कौशलेन्द्रमणि त्रिपाठी, विजय पाण्डेय, सुदीप पाण्डेय, अर्जुन सिंह, अरुण द्विवेदी, अविनाश गौतम आदि मौजूद रहे.

# उद्यानिकी कार्यशाला और आम महोत्सव का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 जून, उद्यानिकी विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी मिशन योजना के तहत दो दिवसीय उद्यानिकी कार्यशाला और आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है.**

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने सहायक संचालक उद्यानिकी कार्यालय में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ किया. इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि खेती को लाभकारी बनाने के लिए किसानों को उद्यानिकी फसलों के लिए प्रेरित करें. जिले की मिट्टी और मौसम में सभी प्रमुख उद्यानिकी फसलें ली जा सकती हैं. रीवा संभाग को परंपरागत रूप से आमों के उत्पादन के लिए जाना जाता है. रीवा जिले के सुंदरजा आम को जीआई टैग मिल चुका है. आम के साथ-साथ कटहल, अमरूद, नींबू, पपीता, केला तथा अन्य फलों की खेती सफलतापूर्वक की जा रही है. कई उन्नत किसान ड्रैगन फ्रूट और चेरी की भी खेती कर रहे हैं.



# नेशनल वॉश एक्सपर्ट टीम ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 18 जून, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को समूह जल प्रदाय योजनाओं के संबंध में निर्देश दिए.**

कलेक्टर ने नेशनल वाश एक्सपर्ट टीम नई दिल्ली द्वारा जिले की नलजल योजनाओं के संबंध में मौके पर अध्ययन कर दिए गए सुझावों पर तत्परता से अमल के निर्देश दिए. कलेक्टर ने कहा कि हर घर में नल से स्वच्छ जल पहुंचाना प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी की उच्च प्राथमिकता है. समूह नलजल योजनाओं के माध्यम से जिले की हर बसाहट में नल से जल पहुंचेगा. नेशनल वाश एक्सपर्ट टीम नलजल योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए उपयोगी सुझाव दिए. नेशनल वाश एक्सपर्ट टीम ने जिले में संचालित समूह नलजल योजनाओं के ग्रामों का भ्रमण किया. टीम ने भ्रमण के दौरान पेयजल की आपूर्ति के लिए बनाए गए इंटेक वेल, जल शोधन संयंत्र तथा सम्पवेल का निरीक्षण किया. टीम ने जिले के लौरकाटन, सीतापुर तथा गेरूआरी में पेयजल की आपूर्ति का मौके पर जाकर जायजा लिया. टीम के सदस्यों ने ग्राम अंचल एवं स्वच्छता समिति तथा पानी समिति के सदस्यों से भेंट करके पेयजल की आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली. टीम ने नलजल योजनाओं द्वारा दिए जा रहे पानी की गुणवत्ता पर चर्चा की. टीम में अनिल जैन, निवेदिता पाल, अनीता बेन एवं डॉ. डीपी रेड्डी शामिल रहे.